पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना

लोको शेड गोण्डा में कुशल कारीगरों द्वारा 25 प्रतिशत इंटर अप्रेंटिस कोटा के जू.इंजी. (लोको शेड) वेतनमान (9300–34800) पे लेवल–06 के रिक्त दो पदों (02 सामान्य) के चयन के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें अवश्य पूरी करनी हैं।

1. रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या–ई(एनजी)1/99/पीएम–7/17 दिनांक–23.06.2006 के अनुसार दिनांक–12.03.2002 के बाद रेल सेवा में आये कर्मचारी यदि आई.टी.आइ/एक्ट अप्रेटिशिप अथवा 10+2 (विज्ञान क्षेत्र) में अर्हता वाले कर्मचारियों के साथ–साथ डिग्री अथवा डिपलोमा की अर्हताा रखते हों तो भी चयन में भाग ले सकते हैं।
2. अधिसूचना जारी होने की तिथि को अभ्यर्थी की उम्र 47 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
3. चयन 02 सामान्य रिक्त पदों हेतु होना है, अतः अजा0/अजजा0 के लिए चयन पूर्व प्रशिक्षण नही होगा।
4. रेलवे में 03 वर्ष की कुशल कारीगर श्रेणी में संतोषजनक सेवा अधिसूचना तिथि तक अवश्य पूरी होनी चाहिए।
5. चुने गये अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण नियमानुसार कराया जायेगा।प्रशिक्षण अवधि में अभ्यर्थी उसी वेतनमान, वेतन सुविधा तथा हैसियत के लाभ का उत्तराधिकारी रहेगा जिस पद पर वे आवेदन तिथि को कार्यरत हैं।
6. उपरोक्त रिक्त पदों के विरूद्ध चयन परीक्षा एवं सेवा अभिलेखों में प्राप्त अंको के आधार पर की जाएगी जो रेलवे बोर्ड के पत्रांक ई(एनजी)1/2018 /पीएम – 1/4, नई दिल्ली दिनांक–14.11.2019 (आर.बी.ई. नं.– 194/2019) तथा समसंख्यक पत्र दिनांक–14.12.2018, 14.06.2019, 01.08.2019, 21.08.2019 एवं 06.09.2019 में अंकित दिशा निर्देशों तथा इस संबंध में रेलवे बोर्ड तथा मुख्यालय द्वारा जारी अन्य नवीनतम दिशा निर्देशों पर निर्धरित होगी।
7. रेल कार्य करने के संबंध में संतोषजनक रिकार्ड प्रोफिसिएन्सी इन ट्रेड, उपस्थिति तथा साधारण चाल चलन संतोषजनक होना चाहिए।
8. इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र (प्रोफार्मा) पर जो संलग्न है, भरकर अपने नियंत्रक कार्यालय में जमा करेंगे तथा वहाँ से कार्मिक कार्यालय गोण्डा में कवरिंग के साथ प्राप्त कराये जाएंगे।
9. अभ्यर्थियों को ज्ञात होना चाहिए कि किसी भी परिस्थिति में अनुपस्थिति परीक्षा नही होगी।
10. आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15.10.2023 है। इस तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे तथा कोई भी आवेदन पत्र कार्मिक कार्यालय गोण्डा में सीधे स्वीकार नही किये जाएंगे।

27-9-23

Scanned with OKEN Scanner

11. आवेदन करने वाले कर्मचारी इसे परीक्षा की सूचना मानकर परीक्षा के लिए तैयार रहें ताकि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उपयुक्त पाये जाने पर अल्पअवधि की सूचना पर बुलाया जा सके।
12. चयनित अभ्यर्थी सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात ही जू0इंजी0(लोको शेड) के पद पर पदोन्नति पायेंगे।
13. नियंत्रक पर्यवेक्षक/अधिकारी कृपया नोट करें किस भी प्राप्त आवेदन पत्रों की जाँच करके जो उपरोक्त शर्तों को पूरा करते हों की सूची आवेदन पत्र, शैक्षिक योग्यता आदि के स्वप्रमाणित पत्रों के साथ चयन के प्रोफार्मा में वरीयतानुसार सेवा विवरण तैयार कर इस कार्यालय को अग्रसारित करेंगें जो दिनांक–18.10.2023 तक इस कार्यालय को अवश्य रूप से प्राप्त हो जाए।
14. आवेदन पत्र में कटिंग ओवर राइटिंग नही होना चाहिए तथा फ्लूड का प्रयोग भी नही किया जाना चाहिए।
15. लिखित परीक्षा CBT माध्यम से करायी जाएगी।परीक्षा का सलेबस संलग्न है।

संबंधित अधिकारी गण एवं प्रवेक्षक कृप्या इस अधिसूचना में निहित निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कराएं। इस अधिसूचना में अंकित तथ्यों (Contents) तथा रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय के तत्संबंधी निर्देशों एवं परिपत्रों के बीच किसी प्रकार का विरोधाभास होने की स्थिति में मुख्यालय तथा रेलवे बोर्ड के परिपत्र/दिशा निर्देश मान्य होंगें एव तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस पर वमविइं/टी.आर.एस./गोण्डा का अनुमोदन प्राप्तहै।

प्राधिकारः–Computer No: 100780 File No: NER-LJN0PER(PRMP)/22/2023-O/o Sr DPO/LJN/NER

सकाधि/गोण्डा
कृते मंडल रेल प्रबंधक (का)
कैम्प कार्यालय लोको शेड गोण्डा
दि0–27/09/2023

सं.–ई/ ।।/254/चयन/जू.इंजी./लोकोशेड/इ.अप्रे./2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.वमंकाधि/ल.जं.।
2.वमंविइं/टीआरएस/लोको शेड/गोण्डा/गोरखपुर।
3.सीसेइं./सा0/लोको शेडगोण्डा।
4.सीसेइं./छपरा कचेहरी/औडिहार डेमू शेड।
6.मंडल मंत्री/नरमू/एस.सी.एस.टी./ओ.बी.सी. एसोसिएशन लखनऊ।
7.नोटिस बोर्ड प्रति।

27-9-23
कृते मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्मिक
कैम्प कार्यालय लोको शेड गोण्डा

Scanned with OKEN Scanner